
## खबरों में रहे स्टॉक


### कैडिला हेल्थकेयर




मौरैया संयंत्र के लिए यूएसएफडीए से मिला चेतावनी पत्र

₹ 255.30 पिछला बंद भाव
₹ 241.45 आज का बंद भाव
▼ 5.42 %


### रिलेक्सो फुटवियर




दूसरी तिमाही में एबिटा मार्जिन 330 आधार अंक बढ़ा

₹ 543.20 पिछला बंद भाव
₹ 564.65 आज का बंद भाव
▲ 3.95 %


### जेके लक्ष्मी सीमेंट




दूसरी तिमाही में 77 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ

₹ 289.95 पिछला बंद भाव
₹ 307.20 आज का बंद भाव
▲ 5.95 %


### इन्फोसिस




व्हिसलब्लोअर की शिकायत के लिए प्रथम दृष्टिया कोई भी सबूत नहीं

₹ 688.00 पिछला बंद भाव
₹ 709.00 आज का बंद भाव
▲ 3.05 %

### जिंदल स्टील ऐंड पावर




निफ्टी धातु सूचकांक में सबसे अधिक चढ़ने वाला शेयर

₹ 123.30 पिछला बंद भाव
₹ 137.25 आज का बंद भाव
▲ 11.31 %

## संक्षेप में

### एलआईसी की 2 साल से बंद पॉलिसी भी होगी चालू

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने पुराने पॉलिसीधारकों को राहत देते हुए उनकी दो साल से ज्यादा समय से बंद पड़ी पॉलिसी को फिर से चालू करने की अनुमति दी है। एलआईसी ने कहा है कि अब ऐसी बीमा पॉलिसियां जिन्हें बंद पड़े दो साल से अधिक समय हो चुका है और जिन्हें चालू करने की अनुमति नहीं थी, अब उन्हें आगे बढ़ाया जा सकेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 1 जनवरी 2014 के बाद खरीदी गई सामान्य बीमा पॉलिसी के धारक अब प्रीमियम भुगतान नहीं कर पाने की तिथि से पांच साल के अवधि के भीतर और यूनिट-लिंक्ड पॉलिसीधारक अपनी बंद पड़ी पॉलिसी को आखिरी प्रीमियम भुगतान के 3 साल के भीतर फिर से चालू कर सकेंगे। *भाषा*

### एचटी मीडिया को दूसरी तिमाही में हुआ घाटा

एचटी मीडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी को शुद्ध लाभ 44.33 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि इस दौरान उसकी कुल आय 580.02 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 570.97 करोड़ रुपये थी। परिणाम स्वरूप पिछले साल की तुलना में इस साल प्रिंट मीडिया और रेडियो मीडिया की आय प्रभावित हुई है। *भाषा*

# मौरैया संयंत्र को चेतावनी पत्र

## कैडिला हेल्थकेयर के मौरैया संयंत्र को अमेरिकी औषधि नियामक का चेतावनी पत्र

**विनय उमरजी**
अहमदाबाद, 4 नवंबर

प्रमुख औषधि कंपनी कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड (जायडस कैडिला) के मौरैया फॉर्मूलेशन संयंत्र को अमेरिकी औषधि नियामक यूएसएफडीए ने चेतावनी पत्र जारी किया है। कंपनी ने आज इसकी पुष्टि की है। कंपनी की कुल अमेरिकी बिक्री में इस संयंत्र का योगदान करीब 40 करोड़ डॉलर (करीब 2,800 करोड़ रुपये) यानी करीब 45 फीसदी है। अमेरिकी औषधि नियामक ने 22 अप्रैल और 3 मई के बीच इस संयंत्र के निरीक्षण के बाद आपत्ति (ओएआई) जारी की थी।

यूएसएफडीए ने फॉर्म 483 (जिसके तहत संयंत्र में गुणवत्ता एवं अनुपालन के लिए आपत्ति जताई गई थी और विनिर्माता को उसे दूर करने की जरूरत थी) को आगे बढ़ाते हुए यह चेतावनी पत्र जारी किया है। चेतावनी पत्र के बाद संतुष्ट न होने पर अमेरिकी औषधि नियामक आयात अलर्ट जारी करता है और उसके बाद उस संयंत्र से अमेरिका के लिए निर्यात रुक जाता है।

हालांकि इस कारोबार से कंपनी का कारोबार फिलहाल प्रभावित नहीं होगा।

### नियामकीय कार्रवाई



■ अमेरिका में कंपनी की कुल बिक्री में इस फॉर्मूलेशन इकाई का योगदान 45 फीसदी

■ कैडिला ने कहा, चेतावन पत्र से फिलहाल प्रभावित नहीं होगा उसका कारोबार

कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि इस चेतावनी पत्र का अमेरिका में कंपनी के मौजूदा कारोबार प्रभावित नहीं होगा और मौरैया संयंत्र से निर्यात जारी रहेगा।

कंपनी ने कहा है कि वह रोगियों की सुरक्षा और अपेक्षित नियामकीय अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा है, 'निरीक्षण के लिए यूएसएफडीए द्वारा जताई गई आपत्तियों को दूर करने के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं। कंपनी यूएसएफडीए को पूरी तरह संतुष्ट करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। हमें विश्वास है कि उस पत्र में दी गई वैधानिक समय सीमा के भीतर हम यूएसएफडीए की सभी आपत्तियों को दूर करने में सफल रहेंगे।'

कैडिला हेल्थकेयर के लिए अपनी बाय रेटिंग को बरकरार रखते हुए विश्लेषकों ने भी इसे अधिक तवज्जो नहीं दिया है क्योंकि उनका मानना है कि यह चेतावनी पत्र उम्मीद के मुताबिक ही है।

रिलायंस क्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (औषधि) कृष्णनाथ मुंडे ने कहा, 'मौरैया संयंत्र को जारी किया गया यह चेतावनी पत्र हमारी उम्मीदों के अनुरूप ही है क्योंकि इस संयंत्र को पहले ही ओएआई श्रेणी में रखा गया था। हमारा मानना है कि लंबित नियामकीय मामलों के कारण अमेरिका में कैडिला हेल्थकेयर कमजोर वृद्धि दर्ज करेगी।'

साल 2019 में अब तक करीब एक दर्जन भारतीय औषधि कंपनियों को अमेरिकी औषधि नियामक से चेतावनी पत्र मिल चुका है। जबकि 2018 में सात भारतीय औषधि कंपनियों को यूएसएफडीए की ओर से चेतावनी पत्र जारी किए गए थे। मौरैया संयंत्र के निरीक्षण के बाद इसी साल कंपनी के बद्दी फॉर्मूलेशन संयंत्र और अंकलेश्वर एवं दभासा विनिर्माण संयंत्रों का यूएसएफडीए द्वारा निरीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ था।

# रैनिटिडीन की बिक्री जल्द शुरू करेगी स्ट्राइड्स फार्मा

**समरीन अहमद**
बेंगलूरु, 4 नवंबर

**चर्चित** एंटासिड रैनिटिडीन के बारे में जारी विवाद के बीच प्रमुख औषधि कंपनी स्ट्राइड्स फार्मा साइंस जल्द ही अमेरिकी बाजार में इस दवा की बिक्री शुरू करेगी। अमेरिकी औषधि नियामक यूएसएफडीए के परीक्षण में स्ट्राइड्स फार्मा के नमूने को मानव इस्तेमाल के लिए पूरी तरह सुरक्षित पाया गया है। अमेरिका में रैनिटिडीन प्रेस्क्रिप्शन बाजार में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 33 फीसदी है।

> यूएसएफडीए एनडीएमए परीक्षण में डॉ रेड्डीज, सैंडोज, अरबिंदो फार्मा के नमूने विफल

यूएसएफडीए के अनुसार, स्ट्राइड्स की रैनिटिडीन टैबलेट 300 मिग्रा 96 नैनोग्राम प्रति दिन यानी 0.32 पीपीएम के एनडीएमए की स्वीकार्य सीमा के भीतर है। कंपनी ने कहा, 'उपलब्ध परीक्षण परिणामों के आधार पर अमेरिका में रैनिटिडीन दवा के वितरण को दोबारा शुरू किए जाने के बारे में हम जल्द ही जानकारी देंगे।'

पिछले महीने बेंगलूरु की इस कंपनी ने एनडीएमए अशुद्धता संबंधी चिंताओं के बीच अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में इस एंटासिड के विनिर्माण और बिक्री को तत्काल रोक दिया था। एनडीएमए अशुद्धता के कारण रोगियों में कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया में कंपनी ने इसकी बिक्री दोबारा शुरू कर चुकी है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं स्ट्राइड्स फार्मा (स्वीकार्य सीमा से कम एनडीएमए का स्तर) और जेबी केमिकल्स को सबसे अधिक फायदा होगा। इस दवा की आपूर्ति में तात्कालिक बाधा से स्ट्राइड्स फार्मा की बाजार हिस्सेदारी भी बढ़ सकती है।'

स्ट्राइड्स फार्मा के अलावा अन्य जिन भारतीय औषधि कंपनियों की दवा में एनडीएमए की मात्रा स्वीकार्य सीमा के भीतर पाया गया उनमें मुंबई की कंपनी अजंता फार्मा और सनोफी भी शामिल हैं।

बीएस बातचीत

# अपने कारोबार को जोखिम-रहित बनाएंगे

व्हिसलब्लोअर के आरोपों के बावजूद इन्फोसिस अपनी रणनीति एवं उसके क्रियान्वयन की योजना पर अपना ध्यान लगातार बनाए हुए है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी **यू बी प्रवीण राव** कहते हैं कि आज इन्फोसिस कहीं बेहतर स्थिति में है। **विभु रंजन मिश्रा** और **देवाशिष महापात्र** ने उनसे कई मुद्दों पर बात की। पेश हैं संपादित अंश:



**जब बहुत लोगों को यह लगा कि इन्फोसिस फिर से स्थिरता भरे दौर में लौट रही है उसी समय यह नई मुश्किलों में फंसती दिख रही है। इस समय कंपनी के भीतर कैसा माहौल है?**

काफी आशावादी सोच है। हमारी पिछली तिमाही काफी अच्छी रही है और हम चार तिमाहियों से दो अंकों में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। वृद्धि भी काफी व्यापक रही है क्योंकि हमारे छह कारोबारी संवर्गों में दो अंकों की बढ़त रही है। हमारे कुल राजस्व में करीब 38 फीसदी हिस्सा रखने वाले डिजिटल संवर्ग ने पिछली तिमाही में 38 फीसदी से अधिक तेजी हासिल की। न केवल नौकरियां छोड़ने की दर घटी है बल्कि हमने बड़े सौदे भी किए हैं। कुछ परिचालन मानक तो अपने उच्चतम स्तर पर हैं।

**लेकिन क्या हाल में लगे आरोप प्रबंधन का ध्यान नहीं भटकाएंगे?**

हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि हम इससे विचलित न हों। यह मामला सामने आते ही हम काफी सक्रिय रहे हैं। हमने अपने ग्राहकों, उद्योग जगत और शेयरधारकों से संपर्क साधकर उन्हें यह आश्वस्त किया है कि कारोबार पहले की तरह चलता रहेगा। हम अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्ध हैं और इसमें कोई आशंका नहीं है। एक संगठन के तौर पर हम काफी लचीले हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कारोबार को कोई भी जोखिम न हो।

**यानी ग्राहकों की तरफ से कोई चिंता नहीं देखी गई है?**

साफ है कि हमारे ग्राहकों में विविधता है और कुछ लोगों को शुरुआती चिंता थी। लेकिन जब हमने उन्हें यह आश्वस्त कर दिया कि उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आई है तो वे सहज हो गए।

# दोपहिया: अधिक कीमत से फाइनैंस पर जोर

**शैली सेठ मोहिले और राम प्रसाद साहू**
मुंबई, 4 नवंबर

**दोपहिया** वाहनों के खरीदारों का ऋण की ओर रुझान लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वामित्व लागत बढ़ने के कारण खरीदार फाइनैंस के जरिये दोपहिया वाहन खरीदना पसंद कर रहे हैं।

कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर मांग के बीच बिक्री बढ़ाने के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहनों के बीच सितंबर तिमाही के दौरान फाइनैंस के जरिये दोपहिया वाहन खरीदने वालों की संख्या में पिछली तिमाही के मुकाबले उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई। उनका कहना है कि आगे भी इसमें तेजी दिखने के आसार हैं। दूसरी तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प, बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर के ग्राहकों में फाइनैंस के जरिये खरीदारी करने वालों की तादाद 500 आधार अंक बढ़कर 54.3 फीसदी हो गई। जबकि जून तिमाही में यह आंकड़ा 49.3 फीसदी था।

दोपहिया बाजार की अग्रणी कंपनी हीरो मोटोकॉप ने दूसरी तिमाही में सबसे अधिक 46 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जो इससे पिछली तिमाही में 37 फीसदी रही थी। इसी प्रकार बजाज ऑटो के करीब 70 फीसदी खरीदारों ने फाइनैंस के जरिये खरीदारी की। टीवीएस मोटर के मामले में भी स्थिति लगभग समान रही और उसके करीब 47 फीसदी खरीदारों ने फाइनैंस कराया जबकि एक तिमाही पहले यह आंकड़ा 46 फीसदी रहा था।

हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य वित्तीय अधिकारी निरंजन गुप्ता ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा, 'यह कोई मौसमी तेजी नहीं है बल्कि सालाना वृद्धि है क्योंकि ग्राहकों का रुझान फाइनैंस की ओर बढ़ रहा है।' कमजोर बाजार में शून्य डाउन पेमेंट, कम मासिक ईएमआई आदि आकर्षक योजनाएं कंपनियों के लिए एम महत्त्वपूर्ण विपणन रणनीति बन गई है।

लगभग सभी कंपनियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए त्योहारी सीजन से पहले ही आकर्षक योजनाएं तैयार की थीं। विश्व के सबसे बड़े स्कूटर एवं मोटरसाइकिल बाजार में पिछले छह महीनों से कमजोर आर्थिक वृद्धि के कारण बिक्री की रफ्तार सुस्त दिख रही है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान घरेलू बाजार में डीलरों को की जाने वाली आपूर्ति करीब 16 फीसदी घटकर 96 लाख वाहन रह गई।

आईएलऐंडएफएस संकट के कारण पैदा हुई नकदी की समस्या से भी बाजार में मांग घटी है। ऐसे में कंपनियों की निजी फाइनैंस इकाइयां उस खाई को पाटने की कोशिश कर रही हैं। दोपहिया श्रेणी में फाइनैंस के जरिये खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या पिछले पांच वर्षों के दौरान 30 फीसदी से बढ़कर 40 फीसदी हो गई है।


**PUBLIC NOTICE**

Date Of Order: 30.07.2019 CS No.: 1789/18
Next Date Of Hearing: 14.01.2020
Case Title: Jaura Infratech Pvt. Ltd.
Vs. Hari Dutt Sharma
**Proclamation Requiring The Appearance Of Hari Dutt Sharma**

Whereas Jaura Infratech Pvt. Ltd. (Petitioner) has instituted a recovery suit against Hari Dutt Sharma (Defendant) under Order XXXVII of the Code of Civil Procedure, 1908 for Rs. 28,50,000/- and interest @ 20% w.e.f. Feb 22, 2017 and legal cost of Rs. 30,000/- due till date. No appearance is made by the Defendant since last four dates of hearings and no response given on the service of Summons made.
Order for Publication had been stayed twice on request of the Petitioner but the Defendant has failed to fulfill the commitment as per settlement terms.
Hari Dutt Sharma, last known resident of B-103, IVY Apartments, Sushant Lok-1, Gurgaon-122001 is accused of cheating and committing a fraud and is absconding (or is concealing himself to avoid the services made till date).
Notice is hereby given to Hari Dutt Sharma to cause an appearance on the next date of hearing i.e. 14.01.2020 before the District Court (Saket), in default of which it will be considered as a contempt of Court Order and offense under law.

**By Court Order**
**Jaura Infratech Private Ltd.**

**ब्रॉन बायोटेक लिमिटेड**
**पंजी. कार्यालय** : 4बी, आसफ अली रोड, द्वितीय तल, दिल्ली स्टॉक एक्सचेन्ज बिल्डिंग, नई दिल्ली–110002
(सीआईएन : L74899DL1985PLC022468)
**सूचना**
एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29(1)(क) के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 12 नवम्बर, 2019 को अप. 03.00 बजे इसके पंजीकृत पते 4बी, आसफ अली रोड, द्वितीय तल, दिल्ली स्टॉक एक्सचेन्ज बिल्डिंग, नई दिल्ली–110002 पर आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एंव अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित और अभिलेखबद्ध किए जाएंगे।
विस्तृत सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.brawnbiotech.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
बैठक के परिणाम उपर्युक्त वेबसाइट्स पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।
**कृते एवं हिते बोर्ड**
**हस्ता./–**
**स्थान : नई दिल्ली** **प्रियंका शर्मा**
**तिथि : 04–11–2019** **(कम्पनी सेक्रेटरी)**

**ACME RESOURCES LTD.**
**Regd. Office :** 984, 9th Floor Aggarwal Cyber Plaza – II, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi – 110034
Notice is hereby given that pursuant to regulation 29 of SEBI (Listing obligation & Disclosure requirements) regulations 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company M/s Acme Resources Limited will be held on Tuesday, the 12th day of November 2019 at 2:00 P.M. at Registered office of the Company at 984, 9th Floor, Aggarwal Cyber Plaza – II, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034 to inter-alia, consider and take on record the Consolidated and Standalone unaudited Financial Results of the Company for the Quarter and half year ended 30th September 2019.
By order of the Board,
for **Acme Resources Limited**
sd/-
1st November, 2019 Managing Director

**BHARTIYA INTERNATIONAL LIMITED**
**Regd. Office: 56/7, Nallambakkam Village, (Via Vandalur) Chennai-600 048. Tamilnadu**
**CIN-** L74899TN1987PLC111744 **Tel:** +91-9551050418-21
**E:** shares@bhartiya.com **W:** www.bhartiyafashion.com
**NOTICE**
Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, 13th November, 2019, inter-alia, to consider and approve the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2019.
The above intimation is also available on Company's website-www.bhartiyafashion.com and also on the website of stock exchanges I.e. NSE-www.nseindia.com and BSE-www.bseindia.com.
For **Bhartiya International Ltd**
Sd/-
**Date:** 04.11.2019 **Shilpa Budhia**
**Place:** Gurugram **(Company Secretary)**

एमएमटीसी लिमिटेड
MMTC LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
*touching lives, adding value*
**CIN No: L51909DL1963GOI004033**
**पंजीकृत कार्यालय:** कोर–1, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003, भारत
भारतीय प्रतिभूती विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 47(1) के अनुपालन में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही के लिए एमएमटीसी लिमिटेड के एकल एवं समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक दिनांक **13 नवम्बर 2019** को कोर–1, स्कोप कॉम्पलेक्स 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली– 110003 पर आयोजित की जाएगी।
**कृते एमएमटीसी लिमिटेड**
**ह/–**
**नई दिल्ली** **(जी. आनन्दनारायणन)**
**दिनांक: 04.11.2019** **कम्पनी सचिव**

**SHIVAM AUTOTECH LTD**
**शिवम ऑटोटेक लिमिटेड**
**सीआईएन:** L34300HR2005PLC081531
**पंजीकृत कार्यालय:** 10, पहली मंजिल, टॉवर–ए, एमार डिजिटल ग्रीन्स, सैक्टर–61, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरुग्राम, हरियाणा – 122102
टेलीफोन: 0124-4698700; फैक्स: 0124-4698798
ई–मेल: info@shivamautotech.com; वेबसाइट: www.shivamautotech.com
**सूचना**
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 47 के साथ पठित नियमावली 29 एवं 33 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक **बुधवार, 13 नवम्बर, 2019** को आयोजित की जाएगी जिसमें, अन्य व्यवसायिक विषयों के साथ ही, कम्पनी के 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन एवं अभिलेख में प्राप्त किया जाएगा।
सूचना कम्पनी की वेबसाइट **www.shivamautotech.com** एवं बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड (**www.nseindia.com**) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
बोर्ड के आदेश से
कृते **शिवम ऑटोटेक लिमिटेड**
हस्ता./–
**शिवानी कक्कड़**
दिनांक: 4 नवम्बर 2019 कम्पनी सचिव
स्थान : गुरुग्राम सदस्यता संख्या 25097

**ओमैक्स ऑटोज लिमिटेड** OMAX
**पंजी. एवं कॉर्पोरेट कार्यालय :**
प्लॉट नंबर बी–26, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर–32, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
**सीआईएन** : L30103HR1983PLC026142
**वेबसाइट** : www.omaxauto.com,
**ई–मेल** : investors@omaxauto.com,
**फोन** : +91–124–4343000,
**फैक्स** : +91–124–2580016
**सुचना**
एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 11 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एंव अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।
इस संबंध में स्टॉक एक्सचेन्जेज को दी गई सूचना की एक प्रति, कम्पनी की वेबसाइट www.omaxauto.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.nseindia.com तथा www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।
**वास्ते ओमेक्स ऑटोज लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**स्थान : गुरूग्राम** **संजीव कुमार सूबुद्धि**
**दिनांक : 04.11.2019** **कम्पनी सचिव**

**मिडास इंफ्रा ट्रेड लिमिटेड**
**CIN: L65910DL1994PLC062379**
**पंजीकृत कार्यालय: 301, 2633-2634, बैंक स्ट्रीट करोल बाग, नई दिल्ली-110005**
**ईमेल: midasinfratrade@gmail.com**
**टेली: 011-42633934,**
**वेबसाइट: www.mitl.org.in**
**सूचना**
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विषयों के साथ अन्य विषयों पर विचार एवं अनुमोदन हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार 13 नवम्बर, 2019 को अपराह्न 02.00 बजे पंजीकृत कार्यालय 301, 2633-34, बैंक स्ट्रीट करोल बाग, नई दिल्ली-110005 में आयोजित होगी :
i. 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनांकेक्षित वित्तीय परिणाम पर विचार एवं अनुमोदन हेतु; तथा
ii. अध्यक्ष की अनुमति पर अन्य कोई भी मद पर
यह ध्यान दें कि हमारे पत्र दिनांक 1 अक्टूबर, 2019 के तहत पहले दी गई सूचना के अनुसार ऊपरोक्त बैठक के संबंध में ट्रेडिंग विंडो 1 अक्टूबर, 2019 से उपरोक्त तिमाही अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के उपरांत 48 घंटे तक बंद रहेगी। सूचना स्टॉक एक्सचेंजों तथा कंपनी की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.mitl.org.in पर भी उपलब्ध है।
**कृते मिडास इंफ्रा ट्रेड लिमिटेड**
हस्ता/-
**रीतु नागपाल**
**तारीख : 03.11.2019** कंपनी सचिव
**स्थान: नई दिल्ली** एसीएस-38318

**दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड**
**CIN: L29130HR1986PLC081555**
**पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 24-26, आईएमटी मानेसर, सेक्टर-7, गुरूग्राम-122050, हरियाणा**
**कार्पो. कार्यालय : मिलेनियम प्लाज़ा, टावर-बी, सुशान्त लोक-I, सेक्टर-27, गुड़गांव-122009, हरियाणा**
**फोन : + 91(124) 4715100 फैक्स : + 91(124) 2806085**
**वेबसाइट : www.thehitechgears.com ई-मेल : secretarial@thehitechgears.com**

**सितम्बर 30, 2019 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अनंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. मिलियन में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2019 अनंकेक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2018 अनंकेक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2019 अनंकेक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2018 अनंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 1,835.51 | 2,448.63 | 4,039.79 | 4,800.72 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 19.82 | 122.92 | 107.97 | 281.27 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 19.82 | 122.92 | 107.97 | 281.27 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 21.54 | 62.30 | 77.47 | 144.24 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है)] | 31.07 | 176.80 | 71.39 | 300.12 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 187.68 | 187.68 | 187.68 | 187.68 |
| 7. | संचेय/अन्य इक्विटी जैसाकि पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) – | | | | |
| | (क) मूल : | 1.15 | 3.32 | 4.13 | 7.69 |
| | (ख) तनुकृत : | 1.15 | 3.32 | 4.13 | 7.69 |

**नोट्स :-**
1. लेखापरीक्षा समिति द्वारा नवम्बर 04, 2019 को आयोजित उनकी बैठक में उक्त अनंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण किया गया है और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा नवम्बर 04, 2019 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदन किया गया है।
2. सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 47(1)(ख) के अनुसरण में कम्पनी के मुख्य पृथक्कृत अनंकेक्षित वित्तीय विवरण के विषय में अतिरिक्त जानकारी नीचे दी गई है :

(रू. मिलियन में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2019 अनंकेक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2018 अनंकेक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2019 अनंकेक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30.09.2018 अनंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से राजस्व और अन्य आय | 1,353.99 | 1,782.35 | 2,877.95 | 3,423.59 |
| कर पूर्व लाभ | 47.88 | 117.67 | 98.69 | 238.29 |
| कर पश्चात लाभ | 42.64 | 59.53 | 73.27 | 117.45 |

3. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में दाखिल किए गए सितम्बर 30, 2019 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है।
सितम्बर 30, 2019 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.thehitechgears.com) पर उपलब्ध है।

**कृते एवं हिते निदेशक मंडल**
**दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**स्थान : नई दिल्ली** **दीप कपूरिया**
**तिथि : नवम्बर 04, 2019** **कार्यकारी अध्यक्ष**


**बिज़नेस स्टैंडर्ड**
दिल्ली संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित**
**संपादक: कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० DELHIN/2008/27804
पाठक संपादक को **lettershindi@bsmail.in** पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन- 011-23720202-10 फैक्स 011-23720201
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया सम्पर्क करें..
**सुश्री मानसी सिंह**
हेड कस्टमर रिलेशन्स
**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड,** एच/4 एवं आई/3, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013
ई मेल.. **subs_bs@bsmail.in**
या 57007 पर एसएमएस करें **SUB BS**

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
**कोई हवाई अधिभार नहीं**